Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding alleged irregularities in REET Examination in Rajasthan-laid.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): हम सब मानते है कि अच्छी शिक्षा जीवन में बहुत से उद्देश्यों को प्रदान करती है जैसे व्यक्तिगत उन्नति को बढ़ावा, सामाजिक स्तर में बढ़ावा, सामाजिक स्वस्थ में सुधार, आर्थिक प्रगति, राष्ट्र की सफलता, और जीवन में लक्ष्यों को निर्धारित करना ।

एक तरफ हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में देश नयी शिक्षा नीति के तहत आगे बढ़ रहा है वही दूसरी तरफ राजस्थान प्रदेश में में एक के बाद एक कथित रूप से अनियमितताएँ प्रकाश मे आ रही हैं । इस बार तो REET परीक्षा में भी ऐसी अनियमितताएँ देखी गयी ।

• प्रदेश में REET 2021 परीक्षा 26 सितम्बर 2021 को होनी थी परन्तु परीक्षा से ठीक 2 दिन पहले कथित रूप से पेपर आउट हो गया । फिर उसके बाद पेपर बाजार में एक के बाद एक के पास पहुँचता है । सरकार की अभी तक इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नही आई हें ।

• भर्ती परीक्षाओ को पारदर्शी तरीके से करना क्यों राज्य सरकार की प्राथमिकता नहीं रही ।

• अब तक ऐसी घटनाओ और अनियमितताओं को रोकने के लिए कानून नहीं बनाया गया ।

• रीट भर्ती परीक्षा में कथित धांधली करने वाले मुख्य आरोपी पर सख्त से सख्त करवाई की जाये ।